# काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर, भदोही

(सम्बद्ध महात्मा गॉधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## रिर्पोट – एक दिवसीय व सात दिवसीय विशेष शिविर

## सत्र : 2020–21


डॉ0 कामिनी वर्मा
(**यूनिट–01** मुख्य कार्यक्रम अधिकारी)
*(ऐसोसिऐट प्रोफेसर– मध्यकालीन इतिहास विभाग)*
Email: kaminigyan19@gmail.com
Mob:9415444095

डॉ0 मोनिका सरोज
(**यूनिट–02** कार्यक्रम अधिकारी)
*(असिस्टेन्ट प्रोफेसर–बी0एड़0 विभाग)*
Email: monikasaroj743@gmail.com
Mob: 9451303665

डॉ0 अवधेश सिह यादव
(**यूनिट–03** कार्यक्रम अधिकारी)
*(असिस्टेन्ट प्रोफेसर–वनस्पति विज्ञान विभाग)*
Email: asyzooknpg@gmail.com
Mob:8004411235

डॉ0 विनय मिश्र
(**यूनिट–04** कार्यक्रम अधिकारी)
*(असिस्टेन्ट प्रोफेसर–अंग्रजी विभाग)*
Email: @gmail.com
Mob: 7355221443

राष्ट्रीय सेवा योजना देश का एकमात्र ऐसा संगठन है, जो सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से समाज कल्याण के कार्यों को प्रोत्साहित करता है। यह संगठन विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व स्वामी विवेकानंद के विचारों से अनुप्राणित हो सामाजिक कल्याण की भावना को विकसित करता है। 24 सितंबर, 1969 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म शताब्दी से राष्ट्रीय सेवा योजना का कारवां प्रारंभ हुआ। वर्तमान में पूरे देश में लगभग 40 लाख से ज्यादा स्वयंसेवक सामुदायिक विकास के कार्यों में लगे हैं। हम प्रतिदिन अपने अधिकारों के लिए लड़ाई–झगड़ा करते रहते हैं, लेकिन हमें यह भी सोचना चाहिए कि हमारा देश के प्रति, समाज के प्रति कर्तव्य क्या है? हम जिस देश का नमक खाते हैं उसके लिए तथा उसमें रहने वाले समाज के प्रति कुछ सेवाभाव रखें। इसी को ध्यान में रखकर हमारे देश और संविधान में प्रत्येक नागरिक का मूल कर्तव्य जोड़ा गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार के खेल एवं युवा मंत्रालय के माध्यम से संचालित होने वाला कार्यक्रम है। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से भारत के राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों के शैक्षिक संस्थानों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के द्वारा सामाजिक हित के कार्य किए जाते हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना का सिद्धांत वाक्य है 'मुझको नहीं तुमको'। यह सिद्धांत वाक्य प्रजातांत्रिक ढंग से रहने, निःस्वार्थ सेवा, दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण की सराहना करना, संपूर्ण समाज के कल्याण होने का अर्थ बताता है।

राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रतीक चिन्ह उड़ीसा के कोणार्क सूर्य मंदिर के रथ के चक्र पर आधारित है। यह चक्र गतिशीलता, प्रगतिशीलता ,निरंतरता के साथ–साथ परिवर्तन का द्योतक है। अतः यह चक्र राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाने और उसे उन्नत बनाने के लिए निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रयास का भी द्योतक है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न कार्यक्रमों में स्वयंसेवी छात्र–छात्राएं राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक चिन्ह से निर्मित बैज धारण करते हैं, जैसा कि पूर्व में कहा गया है कि यह प्रतीक चिन्ह कोणा्र्क के सूर्य मंदिर में लगे रथ के पहियों से लिया गया है। प्रत्येक पहिए में 8 तीलियां हैं जो आठ प्रहर दर्शाती हैं। इसलिए जो व्यक्ति इस बैज को धारण करता है उसे यह बैग याद दिलाता है कि वह राष्ट्र सेवा के लिए दिन–रात अर्थात 24 घंटे, आठों प्रहर तत्पर रहें। बैच का लाल रंग स्वयंसेवकों में उत्साह का संचार करता है। गहरा नीला रंग

उस ब्रह्मांड को संकेत करता है जिसका राष्ट्रीय सेवा योजना एक छोटा सा अंश है और जो मानव मात्र के कल्याण के लिए अपना अंशदान करने को तैयार होता है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज सेवा का भाव पैदा करना एवं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास ही इसका मूल लक्ष्य है। राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य निर्मित है – लोगों के साथ मिलकर कार्य करना, स्वयं को सृजनात्मक और रचनात्मक सामाजिक कार्यों में प्रवृत्त करना, स्वयं तथा समुदाय की ज्ञान वृद्धि करना, समस्याओं को कुछ ना कुछ हल करने में स्वयं की प्रतिभा का व्यवहारिक उपयोग करना, प्रजातांत्रिक नेतृत्व को क्रियान्वित करने में दक्षता प्राप्त करना, स्वयं को रोजगार के योग बनाने के लिए कार्यक्रम विकास में दक्षता प्राप्त करना, शिक्षित एवं शिक्षकों के बीच की दूरी को मिटाना तथा समुदाय के कमजोर वर्ग की सेवा के लिए स्वयं में इच्छाएं जागृत करना।

वर्तमान में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी छात्र–छात्राओं का कार्यकाल 2 वर्ष का होता है जिसके अंतर्गत सामान्य कार्यक्रम, एक दिवसीय कार्यक्रम एवं सात दिवसीय रात दिन का विशेष शिविर होता है। इन कार्यक्रमों में रक्तदान शिविर, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, जन–जागरूकता रैलियां, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, साक्षरता अभियान, कूड़ा प्रबंधन हेतु जागरूकता, जल संरक्षण कार्यक्रम, प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान से संबंधित अनेक कार्यक्रम होते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से देश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में कुल 100 स्वयंसेवक प्रति इकाई के हिसाब से एक छात्र–छात्राओं का कार्यक्रम अधिकारी द्वारा चयन किया जाता है। पंजीकरण के पश्चात् स्वयं सेवकों को लेकर कार्यक्रम अधिकारी समाज और देश के हित में उपरोक्त वर्णित कार्य को संपादित करते हैं। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी स्वयंसेवी छात्र–छात्राओं के माध्यम से देश की सेवा करने के लिए तैयार रहते हैं। विशेष शिविर को छोड़कर राष्ट्रीय सेवा योजना माध्यम से लोगों के जीवन को उन्नतिशील बनाने हेतु कार्यक्रम अधिकारी स्वयंसेवी छात्र–छात्राओं के अंदर राष्ट्रीयता की भावना पैदा करते हैं, जिसके कारण उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे राष्ट्र के अंदर व्याप्त सामाजिक बुराइयों तथा अन्य सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु निकल पड़ते हैं। इस प्रकार स्वयंसेवी छात्र–छात्राएं कठिन से कठिन परिस्थितियों से जूझ देश हित के कार्यों में लग जाते हैं तथा राष्ट्र के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हैं।

## प्रथम एक दिवसीय शिविर : दिनांक 12 जनवरी 2021

काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर, भदोही में आज दिनांक 12 जनवरी 2021 को **स्वामी विवेकानंद जयंती** युवा दिवस के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से मनाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय कार्यक्रम भी संचालित हुआ। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से संबंधित ***"मेरे सपनों का भारत"*** विषय पर पोस्टर, निबंध व भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। निबंध प्रतियोगिता में उपासना जायसवाल प्रथम, कोमल तिवारी द्वितीय तथा श्रेया मिश्रा तृतीय रही। पोस्टर प्रतियोगिता में हसबी अंसारी प्रथम, अश्वनी कुमार सिंह द्वितीय तथा मानसी शुक्ला तृतीय रही। उक्त प्रकरण पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में रोजी बानो प्रथम, उपासना जायसवाल द्वितीय तथा वंदना पाठक तृतीय रही।

कार्यक्रम में इतिहास विभाग का अध्यक्ष डॉ0 कामिनी वर्मा की पुस्तक "भारतीय संस्कृति में राष्ट्रीय तत्व" का लोकार्पण हिमाचल प्रदेश के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 सुरेंद्र सुरेश पांडे एवं पतंजलि योगपीठ से आए हुए श्री संदेश योगी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 पी0 एन0 डोंगरे द्वारा किया गया।

प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ0 जय सिंह यादव, डॉ0 अभिमन्यु यादव, डॉ0 हेमंत कुमार निराला तथा डॉ0 मनीषा थी। इस अवसर पर डॉ0 विनय मिश्र, डॉ0 मोनिका सरोज ने छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन डॉ0 कामनी वर्मा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 अवधेश सिंह यादव ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए डॉ0 सुरेश पांडे ने बताया कि गरीब व्यक्ति की सेवा ही ईश्वर पूजा है। योगी जी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचारों में आध्यात्मिकता एवं वैज्ञानिकता का अद्भुत समन्वय था।


राष्ट्रीय सेवा योजना
स्वामी विवेकानन्द जयन्ती
"मेरे सपनों का भारत"
काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय


राष्ट्रीय सेवा योजना
स्वामी विवेकानन्द जयन्ती
"मेरे सपनों का भारत"
काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय




राष्ट्रीय सेवा योजना
स्वामी विवेकानन्द जयन्ती
काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय



# द्वितीय एक दिवसीय शिविर : दिनांक 23 जनवरी 2021

काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर, भदोही में आज दिनांक 23 जनवरी 2021 को **नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती** राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय कार्यक्रम भी संचालित हुआ। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं ने सर्वप्रथम महाविद्यालय प्रांगण में श्रमदान किया, साथ ही पॉलिथीन का प्रयोग न करने के लिए लोगो को जागरूक भी किया। नाश्ते के उपरांत हुई संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 पी0 एन0 डोंगरे ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा किए गए कार्यों से सभी को अवगत कराया तथा सभी को पराक्रमी बनने तथा स्वाभिमान पूर्वक जीवन जीने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अवधेश सिंह यादव कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया। उन्होंने बताया कि अहंकार रहित होकर धर्म आधारित सुंदरता द्वारा देश को प्रगति के मार्ग पर ले जाना चाहिए। डॉ0 कामिनी वर्मा ने सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्रीय आंदोलन में आजाद हिंद फौज द्वारा दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। डॉ0 विनय मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि नेताजी की सेवा और देश प्रेम से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ना आगे बढ़ना चाहिए। डॉ0 हेमंत कुमार निराला ने अपने जीवन में अनुशासित रहने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार से जे0 पी0 पांडे, डॉ0 बृजेश शर्मा, आनंद तिवारी, संध्या तिवारी, डॉ0 अमित गोयल, नंदनी, डॉ0 रविंद्र कुमार, डॉ0 मनीषा उपस्थित रही। छात्र–छात्राओं में सिद्धार्थ सिंह यादव, रोजी बानो, कुदसीमा व रुचि शुक्ला ने अपने विचार रखे। बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।








महाविद्यालय


सेवा योजना


राष्ट्रीय सेवा


पंक्ति 2
11 से 20


ाष्ट्रीय सेवा योज
ी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महावि
ज्ञानपुर – भदोही






पंक्ति 5
41 से 50
ेवा योजना
स्नातकोत्तर महाविद्यालय
ानपुर – भदोही


पंक्ति 4
31 से 40

# तृतीय एक दिवसीय शिविर : दिनांक 30 जनवरी 2021

काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर, भदोही में आज दिनांक 30 जनवरी 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 पी0 एन0 डोंगरे ने हरी झंडी दिखाकर **"यातायात सुरक्षा माह"** विषय के अंतर्गत एक जागरूकता रैली को महाविद्यालय के मुख्य द्वार से रवाना किया। रैली महाविद्यालय से निकल कर संपूर्ण ज्ञानपुर का भ्रमण करते हुए वापस अंबेडकर छात्रावास परिसर में आयी। रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ ही साथ रोवर्स रेंजर्स, एन0सी0सी0 के छात्र–छात्राएं भी शामिल रहे। रैली में सड़क सुरक्षा के नारे लगाए गए। जिसमें सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा तथा हेलमेट हमारे साथ है फिर डरने की क्या बात है, सावधानी हटी दुर्घटना घटी आदि नारों से ज्ञानपुर गुंजित हो गया। रैली में डॉ0 कामिनी वर्मा, डॉ0 अवधेश सिंह यादव, डॉ0 विनय मिश्र, डॉ0 मोनिका सरोज, डॉ0 रिचा यादव, डॉ0 रविंद्र कुमार आदि शामिल रहे। बौद्धिक गोष्ठी में "सड़क सुरक्षा एक चुनौती" विषय पर छात्र–छात्राओं में नेहा मौर्य, सिद्धार्थ सिंह यादव, निकिता मौर्या, आशीष यादव, निशांत पांडे व धैर्य तिवारी ने अपने विचार रखे। आदर्श तिवारी, अविनाश तिवारी उपस्थित रहे।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ0 महेंद्र कुमार ने कहा कि अनियंत्रित गति से वाहन चलाना जीवन के लिए खतरनाक है। डॉ0 विनय मिश्र ने कहा जीवन एक बार मिलता है, जिसकी हमें यत्नपूर्वक रक्षा करनी चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 पी0 एन0 डोंगरे ने बताया कि हमें ट्रैफिक नियमों का पालन करके स्वयं को सुरक्षित रखते हुए अपने परिवार को सुरक्षित रखना चाहिए। डॉ0 कामिनी वर्मा ने बताया युवावस्था में अपार ऊर्जा होती है इसलिए वह सड़क पर वाहन भी तेज चलाते हैं जो दुर्घटना का कारण बनती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 मोनिका सरोज ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 अवधेश सिंह यादव ने किया।




राष्ट्रीय सेवा योजना
काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्याल
शी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्याल
सड़क
लमेट के दो पहिया वाहन न चलायें।
या वाहन पर तीन सवारी न बैठें।
में डिपर का प्रयोग करें।
रोवर्स/रेन्जर्स
एन.सी.सी.
प्राचार्य
REDMI NOTE 8 PRO
AI QUAD CAMERA


सड़क






राष्ट्रीय सेवा योजना


राष्ट्रीय सेवा योजना




काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा
बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन न चलायें।
दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठें।
रात में डिपर का प्रयोग करें।
एन.एस.एस.
/रेन्जर्स
प्राचार्य





# जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी

**जासं, ज्ञानपुर:** सड़क सुरक्षा माह के तहत काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को जागरुकता रैली निकाली। पूरे नगर का भ्रमण कर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरुक किया।

महाविद्यालय गेट से प्राचार्य डा. पीएन डोंगरे ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। इसके बाद हाथों में जागरूकता संबंधी नारे लिखे बैनर पोस्टर लिए निकले छात्र-छात्राओं ने प्रोफेसर कालोनी, पुरानी तहसील रोड, राजा पार्क, हरिहरनाथ मंदिर होते हुए नगर का भ्रमण किया। वह सावधानी हटी, दुर्घटना घटी, यातायात नियमों का पालन, सुरक्षित रहेगा जीवन आदि नारे लगाते चल रहे थे। प्राचार्य ने ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी दी।



केएनपीजी कालेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते प्राचार्य पीएन डोंगरे ● जागरण

# सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

## एनएसएस के विद्यार्थियों ने निकाली रैली, लगाया शिविर

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर लगा और रैली निकली। इसमें सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक किया गया।

प्राचार्य डॉ. पीएन डोंगरे ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली महाविद्यालय से निकलकर संपूर्ण ज्ञानपुर का भ्रमण करते हुए वापस अंबेडकर छात्रावास परिसर में आई। इसमें रोवर्स रेंजर्स, एनसीसी के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

रैली में सड़क सुरक्षा संबंधी नारे लगाए गए। इसमें सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा, हेलमेट अपने साथ है, फिर डरने की क्या बात है। सावधानी हटी दुर्घटना घटी आदि नारे लगाए। रैली में डॉ. कामिनी वर्मा, डॉ. अवधेश सिंह यादव, डॉ. विनय मिश्रा, डॉ. मोनिका सरोज, डॉ. रिचा यादव, डॉ. रविंद्र कुमार आदि शामिल रहे। इसके पूर्व गोष्ठी में सड़क सुरक्षा एक चुनौती विषय पर छात्र-छात्राओं में नेहा मौर्य, सिद्धार्थ सिंह यादव, निकिता मौर्य, आशीष यादव, निशांत पांडेय, धैर्य तिवारी ने भी विचार रखे।




केएनपीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से रैली में शामिल छात्र-छात्राएं।

# विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

**ज्ञानपुर | निज संवाददाता**

काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को कालेज के प्राचार्य डा. पीएन डोंगरे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्र-छात्राओं ने वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी।

इस दौरान प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय यातायात माह चल रहा है। वाहन चलाते वक्त यातायात नियमों का पालन करना अत्यंत जरुरी है ताकि हम सड़क हादसे का शिकार होने से बच सकें। मदिरा का सेवन कर वाहन चलाना कितना घातक होता है यह हादसा होने के बाद पता चलता है। गाड़ी को उतना ही तेज चलाएं जितने पर हमेशा नियंत्रण पा सकें।

रैली में शामिल विद्यार्थियों ने शीतल पाल तिराहा, बाबा हरिहरनाथ मंदिर, राजा पार्क, दुर्गागंज त्रिमुहानी, प्रोफेसर कालोनी होते हुए कालेज में आकर खत्म हो गया। इस मौके पर डा.कामिनी वर्मा, रविंद्र कुमार, महेंद्र कुमार, डा. घनश्याम मिश्र, विनय कुमार मिश्र आदि मौजूद थे।



केएनपीजी कालेज से शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी। ● हिन्दुस्तान

# चतुर्थ एक दिवसीय शिविर : दिनांक 06 फरवरी 2021

काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर, भदोही में आज दिनांक 06 फरवरी, 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में श्रमदान के पश्चात **"ऊर्जा एवं जल संरक्षण"** विषय पर निबंध, पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध प्रतियोगिता में राज सेठ प्रथम, रवि कन्नौजिया द्वितीय तथा किरण विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में मनीषा सिंह प्रथम, मानसी शुक्ला द्वितीय तथा हर्षिता गुप्ता तृतीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में धैर्य तिवारी प्रथम, रोजी बानो द्वितीय तथा उपासना जायसवाल तृतीय स्थान पर रहे।

उक्त विषय पर आयोजित संगोष्ठी के मुख्य वक्ता मनोज कुमार अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग रहें। उन्होंने कहा ऊर्जा संरक्षण की जागरूकता समाज में अभी भी कम है हमें ऊर्जा के उपकरण को अनावश्यक नहीं चलाना चाहिए। पंखा, कूलर, ए0 सी0 की आवश्यकता न होने पर बंद कर देना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित डॉ0 कमाल अहमद सिद्दिकी ने जल तनाव की परिकल्पना प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमें भूजल का दोहन नियंत्रित मात्रा में करना चाहिए। डॉ0 जय सिंह यादव ने कहा कि प्रदूषित पानी के उपयोग से बहुत ज्यादा मौतें होती हैं इसलिए हमें पानी को स्वच्छ रखने का प्रयास करना चाहिए। डॉ0 बालकेश्वर प्रजापति ने कहा की वृक्षों की जड़ों में जल का संरक्षण होता है इसलिए अधिकाधिक पौधरोपण करना चाहिए।

प्रतियोगिताओं के निर्णायक डॉ0 महेंद्र यादव, डॉ0 इंग्लेश भारती, डॉ0 जय सिंह यादव, डॉ0 विष्णुकान्त त्रिपाठी रहे। अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 पी0 एन0 डोंगरे ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अवधेश सिंह यादव, धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 विनय मिश्र एवं संयोजन डॉ0 कामनी वर्मा ने किया।


काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
ज्ञानपुर - भदोही
राष्ट्रीय सेवा योजना
एक दिवसीय शिविर


REDMI NOTE 8 PRO
AI QUAD CAMERA


REDMI NOTE 8 PRO
AI QUAD CAMERA


REDMI NOTE 8 PRO
AI QUAD CAMERA

# निबंध प्रतियोगिता में राज ने मारी बाजी

ज्ञानपुर। काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने श्रमदान कर कालेज में साफ-सफाई भी की। ऊर्जा एवं जल संरक्षण विषय पर विद्यार्थियों ने अपनी बात रखी।

इस दौरान निबंध प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष के छात्र राज सेठ प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष रवि कन्नौजिया दूसरे व किरन विश्वकर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मनीषा प्रथम, मानसी द्वितीय व हर्षिता ने तृतीय स्थान हासिल की। भाषण प्रतियोगिता में धैर्य तिवारी प्रथम, रोजी बानो द्वितीय एवं उपासना जायसवाल तीसरे नंबर पर रहीं। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कालेज के प्राचार्य डा. पीएन डोंगरे ने कहा कि उर्जा संरक्षण के प्रति लोगों में जागरुकता कम है। उर्जा उपकरण को बेवजह नहीं चलाना चाहिए। पंखा, कूलर एसी की जरुरत न होने पर बंद कर दें। डा. कमाल अहमद सिद्दीकी ने कहा कि हमें भूजल का दोहन नियंत्रित मात्रा में करना होगा।



केएनपीजी कालेज में शनिवार को बोलते प्राचार्य डा. पीएन डोंगरे। • हिन्दुस्तान

# उर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता की जरूरत



केएनपीजी कालेज में रासेयो शिविर में विचार व्यक्त करते प्राचार्य पीएन डोंगरे • जागरण

जागरण संवाददाता, ज्ञानपुर (भदोही) : समाज में ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता की अभी भी कमी हैं। जरूरत है कि लोगों को इसके प्रति जागरुक किया जाय। काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के के तहत शनिवार को आयोजित एक दिवसीय शिविर ऊर्जा व जल संरक्षण विषयक संगोष्ठी में मुख्य वक्ता अधिशासी अभियंता विद्युत मनोज कुमार ने कहीं। जोर दिया कि जब जरूरत न हो पंखा, कूलर, एसी जैसे उपकरण बंद कर बिजली की बचत की जा सकती है।

विशिष्ट अतिथि डा. कमाल अहमद सिद्दीकी ने जल तनाव की परिकल्पना प्रस्तुत करते हुए कहा हमें भूजल का दोहन नियंत्रित मात्रा में करना चाहिए। डा. जयसिंह यादव ने कहा प्रदूषित जल के सेवन से तमाम बीमारियां व मौत होती है। हमें पानी को स्वच्छ रखने का प्रयास करना चाहिए।

# निबंध लेखन में राज व पोस्टर में मनीषा प्रथम



रासेयो के शिविर में बोलतीं डॉ. कामिनी वर्मा। संवाद

## रासेयो के शिविर में ऊर्जा संरक्षण पर दिया जोर

### निबंध, पोस्टर और भाषण प्रतियोगिता संपन्न

संवाद न्यूज एजेंसी

ज्ञानपुर/सुरियावां। काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में छात्र छात्राओं के श्रमदान के बाद ऊर्जा एवं जल संरक्षण विषय पर निबंध, पोस्टर व भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई।


इस दौरान निबंध प्रतियोगित में राज सेठ प्रथम, रवि कनौजिया द्वितीय व किरन विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा पोस्टर प्रतियोगिता में मनीषा सिंह प्रथम, मानसी शुक्ला द्वितीय और हर्षिता गुप्ता तीसरे स्थान पर रही।

वहीं भाषण प्रतियोगिता में धैर्य तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि रोजी बानो द्वितीय और उपासना जायसवाल तृतीय स्थान पर रहीं। इस मौके पर मुख्य वक्ता अधिशासी अभियंता विद्युत मनोज कुमार सिंह ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण की जागरूकता समाज में अभी भी बहुत कम है। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमें ऊर्जा के उपकरणों को अनावश्यक नहीं चलाना चाहिए मसलन पंखा, कूलर, एसी आवश्यकता न होने पर बंद कर दें।

इस मौके पर मौजूद विशिष्ट अतिथि डॉ. कमाल अहमद सिद्दीकी ने भूजल का दोहन नियंत्रित मात्रा में करने पर जोर दिया। इसके अलावा डॉ. जय सिंह यादव ने कहा कि प्रदूषित पानी के उपयोग से बहुत ज्यादा मौतें होती है ऐसे में हमें पानी को स्वच्छ रखने का प्रयास करना चाहिए। इस मौके पर डॉ. महेंद्र यादव, डॉ. इंगलेश भारती, डॉ.विष्णु कांत त्रिपाठी रहे। अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी एन डोंगरे व संचालन डॉ. अवधेश सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ .विनय मिश्रा और संयोजन डॉ .कामिनी वर्मा ने किया।

# सात दिवसीय विशेष शिविर

**(दिनांक 23 फरवरी 2021 से 01 मार्च 2021 तक)**



एक नजर में

**वेदपुर गांव में 23से चलेगा रासेयो का विशेष शिविर**

ज्ञानपुर (भदोही) : काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर 23 फरवरी से एक मार्च तक वेदपुर गांव के मलिन बस्ती में आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह नौ से शाम पांच बजे तक चलेगा। यह जानकारी प्राचार्य डा. पीएन डोंगरे ने दी है। (जासं)



पुरुष एवं पराक्रमी राजा के रूप में सदैव विद्यमान रहेंगे।

**विशेष शिविर २३ से**

ज्ञानपुर। राष्ट्रीय येवा योजना काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर का विशेष शिविर २३ फरवरी से १ मार्च तक वेदपुर ग्राम सभा में आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है। सभी प्रतिभागी स्वंय सेवक छात्र छात्रायें प्रातः ९ बजे से सांय ५ बजे तक रहना सुनिश्चित करे।

**पहला दिन – 23 फरवरी 2021, दिन मंगलवार**

काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर, भदोही में आज दिनांक 23 फरवरी 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का आरंभ हुआ। शिविर में प्रातः सभी विद्यार्थियों ने योग का अभ्यास किया। तत्पश्चात प्रार्थना व लक्ष्य गीत का सस्वर गायन किया। तदुपरांत स्वयंसेवकों ने कृषि भवन परिसर को स्वच्छ किया तथा ऊंची नीची पगडंडी को फावडे से समतल किया।

भोजन उपरांत औपचारिक उद्घाटन के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा श्री विनय श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि नगर प्रमुख हीरालाल मौर्या रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 पी0 एन0 डोंगरे ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर श्री विनय श्रीवास्तव ने छात्र–छात्राओं को स्वयं का निरंतर मूल्यांकन करते रहने को कहा साथ ही स्वामी विवेकानंद तथा चंद्रशेखर आजाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से परिचय कराया। शिविर में समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ0 राजेंद्र प्रसाद ने छात्रों को अनुशासित रहने के लिए प्रेरित किया तथा बताया ऐसे कार्यक्रमों से सांस्कृतिक आदान–प्रदान का अवसर मिलता है। इतिहास विभाग के डॉ0 बालकेश्वर ने बताया राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक चिन्ह आठों प्रहर कर्तव्य के लिए सजग रहने की प्रेरणा देती है।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख भदोही श्री प्रशांत सिंह, क्रीड़ा प्राध्यापक डॉ0 राजेंद्र कुमार राजन, श्री विश्वरंजन मालवीय, डॉ0 बृजेश शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी, डॉ0 विनय कुमार मिश्र, डॉ0 मोनिका सरोज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अवधेश सिंह यादव ने किया।






साय विशेष शिविर
रमेश चन्द बिन्द




सप्त दिवसीय विशेष शिवि
मा.डा. रमेश चन्द बिन्द
























# स्वयं का निरंतर करते रहे मूल्यांकन- विनय श्रीवास्तव

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर शुरू

**संवाददाता**

ज्ञानपुर।काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर आरंभ हुआ. शिविर में प्रातः सभी शिविराथियो ने योग का अभ्यास किया. तत्पश्चात प्रार्थना व लक्ष्य गीत का सस्वर गायन किया. तदुपरांत स्वयंसेवकों ने कृषि भवन परिसर को स्वच्छ किया तथा ऊंची नीची पगडंडी को फावड़े से समतल किया.

भोजन उपरांत औपचारिक उद्घाटन के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा श्री विनय श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि नगर प्रमुख हीरालाल मौर्य रहे . महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पी.एन.डोंगरे ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया. इस अवसर पर श्री विनय श्रीवास्तव ने छात्र छात्राओं को स्वयं का निरंतर मूल्यांकन करते रहने को कहा साथ ही स्वामी विवेकानंद तथा चंद्रशेखर आजाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से परिचय कराया. शिविर मे समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद ने छात्रों को अनुशासित रहने के लिए प्रेरित किया तथा बताया ऐसे कार्यक्रमों से सांस्कृतिक आदान-प्रदान का अवसर मिलता है. इतिहास विभाग के डॉक्टर बालकेश्वर ने बताया राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक चिन्ह 8 तीलियां आठों प्रहर कर्तव्य के लिए सजग रहने की प्रेरणा देती है .

कार्यक्रम मे ब्लॉक प्रमुख भदोही श्री प्रशांत सिंह क्रीड़ा प्राध्यापक डॉ राजेंद्र कुमार राजन ,श्री विश्वरंजन मालवीय डॉक्टर बृजेश शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनय कुमार मिश्र डॉ मोनिका सरोज उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर कामिनी वर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ अवधेश सिंह यादव ने किया ।



**दूसरा दिन – 24 फरवरी 2021, दिन बुधवार**

दिनांक 24 फरवरी, 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर, भदोही शिविर के दूसरे दिन राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के छात्र–छात्राओं ने प्रातः झाड़ू लगाकर कृषि भवन परिसर को सुरक्षित किया। तदुपरांत डॉ0 विनय कुमार मिश्र के निर्देशन में सभी छात्रों ने योगाभ्यास किया। योगाभ्यास के पश्चात सभी छात्र छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। जिसके अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाहर जाना बंद करो शौचालय का प्रबंध करो, वृक्ष धरा के आभूषण है करते दूर प्रदूषण है आदि नारे लगाते हुए संपूर्ण वेदपुर ग्राम का भ्रमण किया। वापस आकर भोजन व थोड़ी देर विश्राम के पश्चात नारी स्वाभिमान व स्वालंबन विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ0 वर्षा रानी ने कहा कि शिक्षित और सशक्त नारी ही बच्चों की उचित परवरिश कर सकती है तथा देश और समाज के लिए उन्हें उपयोगी बना सकती है। इसीलिए नारियों को शिक्षित होना आवश्यक है। गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ मनीषा ने कहा स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की दिशा में स्त्रियों को अपने काम स्वयं करने की आदत डालनी चाहिए इससे उनमें आत्म शक्ति का विकास होगा। संगोष्ठी में निकिता मौर्य ने नारी सशक्तिकरण विषय कविता प्रस्तुत की। इस अवसर पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी से डॉ0 बृजेश सिंह तथा डॉ0 हेमंत कुमार निराला उपस्थित हुए। इस अवसर पर धैर्य तिवारी, सूरज प्रजापति सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अवधेश सिंह यादव, धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 विनय मिश्र तथा अतिथियों का स्वागत कामनी वर्मा ने किया।


राष्ट्रीय सेवा योजना
काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
ज्ञानपुर – भदोही




राष्ट्रीय सेवा योजना
काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय




राष्ट्रीय सेवा योजना
काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
ज्ञानपुर – भदोही



# छात्रोंने झाड़ू लगाकर की सफाई

ज्ञानपुर। काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में आज राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन छात्र छात्राओं द्वारा प्रातः झाड़ू लगाकर कृषि भवन परिसर को स्वच्छ किया। तदुपरांत डॉ विनय कुमार मिश्र के निर्देशन में छात्र.छात्राओं ने योग का अभ्यास किया। योगाभ्यास के पश्चात सभी छात्र छात्राओं ने जागरूकता रैली के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बाहर जाना बंद करो शौचालय का प्रबंध करो। वृक्ष धरा के आभूषण है करते दूर प्रदूषण है आदि नारे लगाते हुए संपूर्ण वेदपुर ग्राम का भ्रमण किया! वापस आकर भोजन व थोड़ी देर विश्राम के उपरांत नारी स्वाभिमान व स्वावलंबन विषय पर बौद्धिक गोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी की मुख्य वक्ता डॉ वर्षा रानी असिस्टेंट प्रोफेसर श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय भदोही रही। उन्होंने बताया शिक्षित और सशक्त नारी ही बच्चों की उचित परवरिश कर सकती है तथा देश व समाज के लिए उन्हें उपयोगी बना सकती हैस इसलिए नारियों का शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ मनीषा ने कहा स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की दिशा में स्त्रियों को अपने काम स्वयं करने की आदत डालनी चाहिए। इससे उनमें आत्म शक्ति का विकास होता है। संगोष्ठी में निकिता मौर्य ने नारी सशक्तिकरण विषय कविता प्रस्तुत की। इस अवसर पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी से डॉक्टर बृजेश सिंह तथा डॉ हेमंत निराला उपस्थित रहे इस अवसर पर धैर्य तिवारी सूरज प्रजापति सहित बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।

## सपा विधानसभा सचिव ने जरूरतमन्दोंमें बांटी साड़ियां, कपड़े

भदोही। सुरियावां क्षेत्र के पट्टीबेजाव मे समाजवादी पार्टी के विधानसभा सचिव गुलाब पाठक ने अपने आवास पर आशीर्वाद की अपेक्षा करते हुए आशीर्वाद समारोह कार्यक्रम में सैकड़ो लोगों को अंग वस्त्र वितरण किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री राम किशोर बिन्द रहे। पूर्व मंत्री ने कहा कि सेवा से बड़ा दान दुनिया में कोई चीज नहीं है। दीन दुखियों की सेवा करना वस्तुओं को दान करने का जीवन काल में बहुत बड़ा महत्व है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुरियावा कोतवाली के प्रभारी प्रदीप कुमार ने किया। अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य कमला शंकर पाण्डेय ने किया । संचालन आनंद दुबे ने किया। इस अवसर पर उपस्थित जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार मिश्र पप्पु भदोही विधानसभा अध्यक्ष संतोष यादव अभोली ब्लाक अध्यक्ष राकेश मौर्या सुरियावा ब्लॉक उपाध्यक्ष नेमधर दुबे प्रबुद्ध सभा के पप्पु दुबे ग्राम सभा के प्रधान समाजवादी नेता लाल बहादुर बिन्द कौसले पाठक अशोक पाठक आदि उपस्थित रहें।

# छात्र छात्राओं ने झाड़ू लगाकर कृषि भवन परिसर को स्वच्छ किया



**काशी, एजेंसी।** नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में आज दिनांक 24 फरवरी 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना की सारी चारों इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन छात्र छात्राओं प्रातः झाड़ू लगाकर कृषि भवन परिसर को स्वच्छ किया ! तदुपरांत डॉ विनय कुमार मिश्र के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने योग का अभ्यास किया! योगाभ्यास के पश्चात सभी छात्र छात्राओं ने जागरूकता रैली के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाहर जाना बंद करो शौचालय का प्रबंध करो! वृक्ष धरा के आभूषण है करते दूर प्रदूषण है, आदि नारे लगाते हुए संपूर्ण वेदपुर ग्राम का भ्रमण किया! वापस आकर भोजन व थोड़ी देर विश्राम के उपरांत नारी स्वाभिमान व स्वावलंबन विषय पर बौद्धिक गोष्ठी आयोजित की गई '

संगोष्ठी की मुख्य वक्ता डॉ वर्षा मुखर्जी महाविद्यालय भदोही रही' उन्होंने बताया शिक्षित और सशक्त नारी ही बच्चों की उचित परवरिश कर सकती है' तथा देश व समाज के लिए उन्हें उपयोगी बना सकती है' इसलिए नारियों का शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है' गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ मनीषा ने कहा स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की दिशा में स्त्रियों को अपने काम स्वयं करने की आदत डालनी चाहिए' इससे उनमें आत्म शक्ति का विकास होता है' संगोष्ठी में निकिता मौर्य ने नारी सशक्तिकरण विषय कविता प्रस्तुत की' इस अवसर पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी से डॉक्टर बृजेश सिंह तथा डॉ हेमंत निराला उपस्थित रहे इस अवसर पर धैर्य तिवारी ,सूरज प्रजापति सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे' कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अवधेश सिंह यादव ,धन्यवाद ज्ञापन डॉ विनय मिश्रा तथा अतिथियों का

प्राथना की। संवाद

# एनएसएस ने रैली निकाल लोगों को किया जागरूक



एनएसएस की ओर से निकाली गई जागरुकता रैली। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कृषि संकाय भवन में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में बुधवार को जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान रैली में शामिल शामिल स्वयंसेवकों ने वेदपुर गांव में भ्रमण करके बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बाहर जाना बंद करो, शौचालय का प्रबंध करो, वृक्ष धरा के आभूषण है, करते दूर प्रदूषण है आदि जागरूकता के नारे लगाए।

इसके बाद कुछ देर विश्राम करके नारी स्वाभिमान और स्वावलंबन विषय पर एक गोष्ठी भी आयोजित की गई। गोष्ठी में मुख्य वक्ता श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय की डॉ. वर्षा रानी ने बताया कि शिक्षित और सशक्त नारी ही बच्चों की उचित परवरिश कर सकती है। डा वर्षा ने बताया कि देश और समाज के लिए उन्हें उपयोगी बना सकती है। इसलिए नारियों का शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मनीषा ने कहा कि स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की दिशा में स्त्रियों को अपने काम स्वयं करने की आदत डालनी चाहिए। इस अवसर पर निकिता मौर्य, बृजेश सिंह, डॉ. हेमंत निराला, धैर्य तिवारी ,सूरज प्रजापति, अवधेश सिंह यादव, विनय मिश्रा और कामिनी वर्मा रहीं।

### काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लगा शिविर

परिवार रजिस्टर में नाम

# निकाली रैली, बेटी बचाओ व स्वच्छता का दिया संदेश

**शिविर**

- रासेयो छात्र–छात्राओं ने श्रमदान कर की साफ–सफाई
- गोष्ठी में बालिका शिक्षा व आत्मनिर्भर बनने का संदेश

**जागरण** संवाददाता, **ज्ञानपुर (भदोही)** : काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तहत छात्र-छात्राओं ने कृषि संकाय परिसर में श्रमदान कर साफ-सफाई का कार्य किया। डा. विनय कुमार मिश्र योग का अभ्यास किया। योगाभ्यास के पश्चात बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता को लेकर रैली निकाली गई। छात्र-छात्राओं ने शौचालय का प्रबंध करो, वृक्ष धरा के आभूषण, करते दूर प्रदूषण आदि नारे लगाते हुए वेदपुर ग्राम का भ्रमण किया।

सांध्य बेला में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय भदोही की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. वर्षा रानी ने बालिका शिक्षा पर जोर दिया। कहा कि शिक्षित नारी ही बच्चों की उचित परवरिश कर सकती है। डा. मनीषा ने स्वावलंबन और आत्मनिर्भर होने का पाठ पढ़ाया। छात्रा निकिता मौर्या ने नारी सशक्तिकरण पर कविता प्रस्तुत की। इस मौके पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय के डा. बृजेश सिंह तथा डा. हेमंत निराला, डा. अवधेश सिंह यादव आदि थे। संचालन डा. कामिनी वर्मा ने किया।

# शिक्षित, सशक्त नारी ही बच्चों की उचित परवरिश कर सकती है

**संवाददाता**

ज्ञानपुर। काशी नरेश राजकीय सनतकोत्तर महाविद्यालय शिविर के दुसरे दिन राष्ट्रीय सेवा योजना की सारी चारों इकाइयों के छात्र छात्राओं ने प्रातः झाड़ू लगाकर कृषि भवन परिसर को स्वच्छ किया ! तदुपरांत डॉ विनय कुमार मिश्र के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने योग का अभ्यास किया! योगाभ्यास के पश्चात सभी छात्र छात्राओं ने जागरूकता रैली के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाहर जाना बंद करो शौचालय का प्रबंध करो! वृक्ष धरा के आभूषण है करते दूर प्रदूषण है, आदि नारे लगाते हुए संपूर्ण वेदपुर ग्राम का भ्रमण किया! वापस आकर भोजन व थोड़ी देर विश्राम के उपरांत नारी स्वाभिमान व स्वावलंबन विषय पर बौद्धिक गोष्ठी आयोजित की गई ट




संगोष्ठी की मुख्य वक्ता डॉ वर्षा रानी ने कहा कि शिक्षित और सशक्त नारी ही बच्चों की उचित परवरिश कर सकती हैट तथा देश व समाज के लिए उन्हें उपयोगी बना सकती हैट इसलिए नारियों का शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ मनीषा ने कहा स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की दिशा में स्त्रियों को अपने काम स्वयं करने की आदत डालनी चाहिएट इससे उनमें आत्म शक्ति का विकास होता हैट संगोष्ठी में निकिता मौर्य ने नारी सशक्तिकरण विषय कविता प्रस्तुत कीट इस अवसर पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी से डॉक्टर बृजेश सिंह तथा डॉ हेमंत निराला उपस्थित रहे इस अवसर पर धैर्य तिवारी ,सूरज प्रजापति सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहेट कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अवधेश सिंह यादव ,धन्यवाद ज्ञापन डॉ विनय मिश्रा तथा अतिथियों का स्वागत कामिनी वर्मा ने किया

Kamini Mam

Forwarded



केएनपीजी कॉलेज मे सात दिवसीय शिविर मे छात्रओं ने निकाली बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता रैली

काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में आज दिनांक 24 फरवरी 2021

circle.page

**Circle**
**केएनपीजी कॉलेज मे सात दिवसीय शिविर मे छात्रओं ने निकाली बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता रैली**
https://circle.page/post/5200814?utm_source=an&person=3369258

**भदोही** जिले की पल पल की अपडेट्स पाने के लिए अभी डाऊनलोड करें सर्कल : अपना लोकल नेटवर्क
100% मुफ़्त
100% भारतीय ऐप 🇮🇳 ✅
https://circleapp.page.link/xndcpfBU5pwzGUAz6

9:20 PM

Kamini Mam

Forwarded



निकाली रैली, बेटी बचाओ व स्वच्छता का दिया संदेश

-- शिविर - रासेयो छात्र-छात्राओं ने श्रमदान कर की साफ-सफाई - गोष्ठी में बालिका शिक्षा व आ

www.jagran.com

निकाली रैली, बेटी बचाओ व स्वच्छता का दिया संदेश https://www.jagran.com/uttar-pradesh/bhadohi-removed-rally-save-daughter-and-gave-message-of-cleanliness-21401897.html?utm_source=referral&utm_medium=WA&utm_campaign=amp_social_share

9:20 PM

**तीसरा दिन – 25 फरवरी 2021, दिन बृहस्पतिवार**

काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन डॉ0 विनय मिश्र ने के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई उसके पश्चात प्राणायाम योगासन और वॉलीबॉल का आनंद लेने के बाद स्वयं सेवकों ने भोजन ग्रहण किया।

प्राचार्य पी0 एम0 डोंगरे ने कहा कि स्वच्छता को अपनाकर ही स्वस्थ भारत की परिकल्पना की जा सकती है। जब हम स्वच्छता को अपनाएंगे तभी हमारा देश प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होगा। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 कामिनीं वर्मा ने कहा कि आजादी बड़े भाग्य से मिली है। हमें अपने वीर सपूतों को याद करते हुए देश में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना है।

डॉ0 अभय सिंह यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य है कि समाज सेवा करते हुए युवा पीढ़ी को आगे ले जाकर स्वामी विवेकानंद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को साकार किया जा सके जिससे देश प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होगा। स्वयंसेवक प्रभास और अनुष्का तिवारी ने गिटार के साथ गीत गाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर डॉ0 रविंद्र कुमार, डॉ0 विनय मिश्रा, डॉ0 कामिनी वर्मा आदि लोग रहे।



# स्वच्छता से पूरी होगी स्वस्थ भारत की परिकल्पनाः डोंगरे



केएनपीजी कॉलेज में आयोजित रासेयो के शिविर में मौजूद छात्राएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

ज्ञानपुर। काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन डॉ. विनय मिश्रा के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई। इसके पश्चात प्राणायाम, योगासन और वॉलीबाल का आनंद लेने के बाद स्वयंसेवकों ने भोजन ग्रहण किया।

प्राचार्य पीएन डोंगरे ने कहा कि स्वच्छता को अपनाकर ही स्वस्थ भारत की परिकल्पना की जा सकती है। जब हम स्वच्छता को अपनाएंगे तभी हमारा देश प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होगा। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ.

## एनएसएस शिविर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

कामिनी वर्मा ने कहा कि आजादी बड़े भाग्य से मिली है हमें अपने वीर सपूतों को याद करते हुए देश में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना है।

डॉ. अवधेश सिंह यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य है कि समाज सेवा करते हुए युवा पीढ़ी को आगे ले जाकर स्वामी विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को साकार किया जा सके, जिससे देश प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होगा।

स्वयंसेवक परवाज हसन और अनुष्का तिवारी गिटार के साथ गीत गाकर मंत्रमुंग्ध कर दिया। इस अवसर पर डॉ. रविंद्र कुमार, डॉ. विनय मिश्रा, डॉ. कामिनी वर्मा आदि लोग रहे ।

हिन्दुस्त

# नियमित करें योग, सदैव रहें निरोगः डा. विनय

ज्ञानपुर। काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत विद्यार्थियों ने योगाभ्यास व प्राणायाम किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को योग से मिलने वाले लाभ के विषय में बताया गया। बालीवाल प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

इस दौरान डा. विनय मिश्र ने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में खानपान पूरी तरह बाधित हो गई है। नियमित योग से शरीर सदैव निरोग रहता है। प्रत्येक दिन योग के लिए पर्याप्त मात्रा में समय देना अत्यंत जरुरी है। साथ ही छात्र-छात्राओं ने आर्यभट्ट छात्रावास पटेल नगर परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई की।

श्रमदान कर विद्यार्थियों ने खूब पसीना बहाया। हाथ में फावड़ा व तगाड़ लेकर छात्र-छात्राएं सफाई में जुटे तो नजारा देखते ही बन रहा था। चंद समय में ही हास्टल की तस्वीर बदल गई। इस मौके पर डा. रविंद्र कुमार, डा. कामिनी वर्मा, डा. अवधेश, डा. घनश्याम मिश्र, डा. शुभ्रा श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# योग के साथ छात्रों ने की सफाई

